# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

हरिद्वार–249404

पत्रांकः 24/11/डी0आर0/खा0 अधि0/सेवा–3/2024–25 दिनांक 03 अगस्त, 2026

## विस्तृत विज्ञप्ति

### भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड में सहायक भू–वैज्ञानिक, खान अधिकारी एवं सहायक रसायनज्ञ (समूह–ख) परीक्षा–2026

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या– **A-1/DR/GMC/S-3/2026** दिनांक 28 फरवरी, 2026 के द्वारा भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड में सहायक भू–वैज्ञानिक, खान अधिकारी एवं सहायक रसायनज्ञ (समूह–ख) परीक्षा–2026 के सापेक्ष ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 20 मार्च, 2026 निर्धारित थी। उक्त परीक्षा के संबंध में मा0 आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की मुख्य परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थियों से परम्परागत आवेदन पत्र एवं संगत अभिलेख प्राप्त कर सन्निरीक्षा करके अर्ह अभ्यर्थियों की मुख्य परीक्षा आयोजित की जानी है।

2. भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड में सहायक भू–वैज्ञानिक, खान अधिकारी एवं सहायक रसायनज्ञ (समूह–ख) परीक्षा–2026 में ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र डाउनलोड किये जाने हेतु लिंक आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर दिनांक 03.08.2026 से दिनांक 17.08.2026 तक खोला जाएगा। अभ्यर्थी उक्त लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र डाउनलोड करते हुए अभिलेखों की चैकलिस्ट (Checklist) एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र में किये गये दावों के सापेक्ष समस्त शैक्षणिक अर्हता, स्थायी निवास, लम्बवत/क्षैतिज आरक्षण आदि अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति **सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार** के कार्यालय में डाक अथवा अन्य किसी भी माध्यम से **दिनांक 17 अगस्त, 2026 (सोमवार) सायं 06:00 बजे**) तक जमा करना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी लिफाफे के ऊपर परीक्षा का नाम '' **भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड में सहायक भू–वैज्ञानिक, खान अधिकारी एवं सहायक रसायनज्ञ (समूह–ख) परीक्षा–2026''** एवं **अनुक्रमांक** अवश्य अंकित करें। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र/अभिलेखों को आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा। अभिलेखों को प्रेषित नहीं करने वाले पर आयोग द्वारा अग्रेत्तर विचार नहीं किया जायेगा।

3. एक से अधिक पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थी प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग अभिलेखों के सेट आयोग कार्यालय को प्रेषित करेंगें।

4. अभ्यर्थियों को उपरोक्त के संबंध में डाक द्वारा पृथक से सूचना प्रेषित नहीं की जायेगी। अभ्यर्थी अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ चैकलिस्ट (Checklist) के अनुसार अपने वांछित अभिलेख/प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति आयोग कार्यालय में निर्धारित **तिथि 17 अगस्त, 2026 (सायं 06:00 बजे)** तक प्रेषित करें तथा किसी भी दशा में अपूर्ण एवं अस्पष्ट अभिलेख प्रेषित न करें। यदि दावों एवं अभिलेखों में किसी भी प्रकार की विसंगति पायी जाती है अथवा दावे असत्य पाये जाते हैं, तो अभ्यर्थी को मा0 आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र के सापेक्ष उपलब्ध कराये गये अभिलेखों का मूल प्रति के साथ सत्यापन साक्षात्कार के समय उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में किया जायेगा।

-Sd-

(अशोक कुमार पाण्डेय)

सचिव